# Daily Current Affairs

Date : 15 October, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में GRAP लागू करने हेतु दिशा-निर्देश |
| 2. | GM फसलों के आयात पर राजस्थान उच्च न्यायालय की रोक |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान में सरदार@150 यूनिटी मार्च अभियान<br>2. थार स्ट्राइक अभ्यास : जैसलमेर<br>3. कंज्यूमर केयर अभियान<br>4. मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना<br>5. 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह<br>6. भारत का पहला 'मेड इन इंडिया हाइड्रोजन गैस प्रोटोटाइप'<br>7. जस्टिस अरुण मोंगा |
| 4. | पासनी पोर्ट |
| 5. | ग्रीन स्टेटस ऑफ स्पीशीज आकलन |
| 6. | स्वदेशी तेजस |
| 7. | विश्वास योजना |
| 8. | RBI द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहलें |
| 9. | इंडियाज़ ब्लू इकोनॉमी: स्ट्रेटेजी फॉर हार्नेसिंग डीप सी एंड ऑफशोर फिशरीज रिपोर्ट |
| 10. | नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) रिपोर्ट |
| 11. | गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का निधन |
| 12. | वैश्विक स्थिरता पुरस्कार, 2025 |
| 13. | ईरानी कप, 2025 |
| 14. | जापान स्क्वॉश ओपन विजेता : जोशना चिनप्पा |
| 15. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. भारत का पहला AI हब<br>2. लिनथोई चानम्बम : जूडो<br>3. शास्त्रीय भाषाओं हेतु उत्कृष्टता केंद्र<br>4. स्पेसएक्स का 11वां स्टारशिप रॉकेट<br>5. प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ़ ऑनर पुरस्कार, 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में GRAP लागू करने हेतु दिशा-निर्देश

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने राजस्थान के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में स्थित जिलों के लिए राज्य सरकार को ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) स्टेज-I को लागू करने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए।




### मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान के 2 जिले भरतपुर और अलवर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में स्थित है।
- **ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) :** ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान या GRAP वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने संबंधी आपातकालीन उपायों का समूह है, जो उन क्षेत्रों में लागू किया जाता है जहाँ वायु में पर्टिकुलेट मैटर (PM) की सांद्रता में वृद्धि हो जाती है।
- GRAP को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने तैयार किया है। इसे चार चरणों में बाँटा गया है, जो वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के स्तर पर आधारित हैं।
- GRAP के प्रावधान पहली बार वर्ष 2017 में अधिसूचित किए गए थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## GRAP के चरण:

| चरण | वायु गुणवत्ता श्रेणी (AQI) | कार्य योजना |
|---|---|---|
| चरण 1 | 'खराब' (Poor) - AQI 201-300 | ▪ निर्माण स्थलों पर कवरिंग अनिवार्य।<br>▪ सड़कों की नियमित सफाई व पानी का छिड़काव।<br>▪ खुले में कचरा जलाना प्रतिबंधित। |
| चरण 2 | 'बहुत खराब' (Very Poor) - AQI 301-400 | ▪ डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)<br>▪ पार्किंग शुल्क बढ़ाना।<br>▪ सड़कों की सफाई बढ़ाना व धूल नियंत्रण के उपाय। |
| चरण 3 | 'गंभीर' (Severe) - AQI 401-450 | ▪ निर्माण व तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक (महत्वपूर्ण परियोजनाओं को छोड़कर)<br>▪ ईंट भट्टों, स्टोन क्रशर आदि पर प्रतिबंध।<br>▪ ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध (जरूरी वस्तुओं को छोड़कर) |
| चरण 4 | 'गंभीर प्लस/आपातकालीन' (Severe+ or Emergency) - AQI 450+ | ▪ ट्रकों का पूरी तरह से प्रवेश बंद (आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर)<br>▪ स्कूल, कॉलेज बंद करने की सिफारिश।<br>▪ निजी वाहनों का उपयोग सीमित करना।<br>▪ ऑड-ईवन (सम-विषम) लागू करने की सिफारिश। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP)

- **लॉन्च :** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 130 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से जनवरी, 2019 में।
- **NCAP का शुरुआती लक्ष्य :** वर्ष 2017 को आधार वर्ष मानते हुए वर्ष 2024 तक प्रमुख वायु प्रदूषकों; PM2.5 और PM10 की सांद्रता को 20 से 30 प्रतिशत तक कम करना था।
- लेकिन वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने इस कार्यक्रम के लक्ष्य में संशोधन कर दिया। नये लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2026 तक पार्टिकुलेट मैटर (MP) की सांद्रता में 40 प्रतिशत तक की कमी करना है।
- **PM2.5 -** 40 माइक्रोग्राम (μg)/प्रति घन मीटर।
- **PM10 -** 60 माइक्रोग्राम (μg)/प्रति घन मीटर।
- **'NCAP 2.0' कार्यक्रम :** वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का पहला चरण समाप्त हो जायेगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय इस कार्यक्रम का दूसरा चरण लागू करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# GM फसलों के आयात पर राजस्थान उच्च न्यायालय की रोक

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान उच्च न्यायालय ने जेनेटिकली मोडिफाइड (GM) खाद्य पदार्थों अर्थात् आनुवंशिक रूप से संशोधित फूड्स से संबंधित केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) को विस्तृत नियम बनाने और लागू करने के निर्देश दिए।

## मुख्य बिन्दु:

- उच्च न्यायालय ने इन उत्पादों के लिए प्रभावी नियम नहीं बनाए जाने और लागू नहीं होने तक, देशभर में GM खाद्य पदार्थों के निर्माण, बिक्री, वितरण और आयात पर रोक लगाने का आदेश दिया।
- उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में देश में बिना किसी नियमन के GM खाद्य पदार्थों की बिक्री और आयात पर चिंता व्यक्त की गई, जिसके बाद यह निर्णय आया है।
- ज्ञातव्य है कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में GM खाद्य पदार्थों के लिए नियम बनाने का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई नियम नहीं बनाए गए हैं।
- जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रैजल कमेटी (GEAC) ने वर्ष 2007 से 2015 के बीच GM खाद्य तेल (सोयाबीन और कैनोला तेल) के आयात की अनुमति दी।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसल:

- GM फसलें वे फसलें हैं जिनमें किसी विशेष गुण को सुधारने या जोड़ने के लिए उनके DNA में मानवीय हस्तक्षेप द्वारा बदलाव किया जाता है।
- यह प्रक्रिया जीन इंजीनियरिंग के माध्यम से की जाती है, जिसमें पौधे के गुणसूत्रों (Genes) में विशिष्ट बदलाव किए जाते हैं।

### भारत में GM फसलों का विकास और स्थिति:

- **Bt कपास :** यह सबसे सफल GM फसल है जिसे भारत में वर्ष 2002 में व्यावसायिक रूप से उगाया गया। Bt कपास बोलवर्म (Lepidopteran pests) से निपटने के लिए विकसित किया गया था।
- **Bt बैंगन :** भारत में Bt बैंगन को वर्ष 2009 में स्वीकृति मिली थी, लेकिन 2010 में सरकार ने इसके व्यावसायिक उपयोग को रोक दिया। इसका कारण यह था कि इसे लेकर कई वैज्ञानिक और पर्यावरणीय चिंताएँ थीं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान में सरदार@150 यूनिटी मार्च अभियान**<br>■ **आयोजक :** केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय।<br>■ **आयोजन अवधि :** 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर, 2025 तक।<br>■ **उद्देश्य :** राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना।<br>■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाई जाती है। |
| 2. | **थार स्ट्राइक अभ्यास : जैसलमेर**<br>■ **आयोजन :** जैसलमेर स्थित एक एयरबेस पर।<br>■ **आयोजक :** भारतीय वायु सेना (IAF) और भारतीय सेना की स्पेशल फोर्सेस द्वारा।<br>■ **उद्देश्य :** रेगिस्तानी युद्ध की परिस्थितियों में संयुक्त परिचालन क्षमता को मज़बूत करना, जहाँ तापमान 50°C से अधिक होता है।<br>■ इस संयुक्त अभ्यास में भारतीय वायुसेना के AN32 विमान और अत्याधुनिक C295MW परिवहन विमान द्वारा पैराड्रॉप मिशन को सम्पन्न किया गया। |
| 3. | **कंज्यूमर केयर अभियान**<br>■ **आयोजन :** 13 से 19 अक्टूबर, 2025 तक।<br>■ **आयोजक :** उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार ।<br>■ उद्देश्य : व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित करना तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना। |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना**<br>▪ हाल ही में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राजस्थान सरकार की 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना' में रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को अनुदान राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया।<br>▪ इस योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को सरस डेयरी से संबंधित दुग्ध समितियों को दूध बेचने पर प्रति लीटर 5 रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।<br>▪ योजना के लिए राजस्थान सरकार ने बजट वर्ष-2025-26 में ₹650 करोड़ का बजट निर्धारित किया है। |
| 5. | **'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह**<br>▪ राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए 'श्रीयादे माटी कला बोर्ड' द्वारा पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।<br>▪ इसके तहत प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा सात सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।<br>▪ **नोट :** 15 से 21 सितंबर, 2025 तक खुर्जा (उत्तर प्रदेश) स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरेमिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट (CGRI) में टेराकोटा पॉटरी प्रशिक्षण हेतु राजस्थान से ट्रेनर्स का दल भेजा गया था।<br>▪ श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष : प्रहलाद राय टाक। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **6.** | **भारत का पहला 'मेड इन इंडिया हाइड्रोजन गैस प्रोटोटाइप'**<br>▪ हाल ही में, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के उद्यमिता एवं करियर हब (ECH) में भारत के पहले मेड इन इंडिया हाइड्रोजन गैस प्रोटोटाइप को विकसित किया गया।<br>▪ इस प्रोटोटाइप से सरकारी कंपनियों को हाइड्रोजन गैस की सप्लाई की जा रही है।<br>▪ **भारत की पहली बहुउद्देशीय हरित हाइड्रोजन पायलट परियोजना :** झाकरी, हिमाचल प्रदेश।<br>▪ **भारत की पहली हाइड्रोजन बस :** एनटीपीसी द्वारा लेह, लद्दाख में संचालित।<br>▪ **भारत का पहला 'मेक इन इंडिया ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट' :** दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी द्वारा गुजरात के कांडला पोर्ट पर कमीशन।<br>▪ **भारत का पहला हाइड्रोजन ईंधन सेल-संचालित ट्रक :** अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा विकसित। |
| **7.** | **जस्टिस अरुण मोंगा**<br>▪ हाल ही में, विधि व न्याय मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर जस्टिस अरुण मोंगा का राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानांतरण किया।<br>▪ वहीं राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन और न्यायमूर्ति दिनेश मेहता को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## पासनी पोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में पाकिस्तान ने संयुक्त राज्य अमेरिका को पासनी बंदरगाह के विकास और संचालन देने की पेशकश की है। इस बंदरगाह को अमेरिका के लिए पाकिस्तान के क्रिटिकल मिनरल्स तक पहुँचने का प्रवेश द्वार माना जा रहा है।




### मुख्य बिन्दु:

- **अवस्थिति:** यह पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में, अरब सागर में स्थित है।

**सामरिक महत्व:**

- यह चीन द्वारा संचालित ग्वादर पोर्ट से लगभग 70 मील और ईरान के चाबहार पोर्ट से लगभग 178 मील की दूरी पर अवस्थित है।
- इसकी अवस्थिति इसे दक्षिण, पश्चिम और मध्य एशिया को जोड़ने वाले व्यापार मार्गों के लिए एक आदर्श केंद्र बनाती है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## ग्रीन स्टेटस ऑफ स्पीशीज आकलन

### चर्चा में क्यों?

- बाघों के लिए पहला IUCN ग्रीन स्टेटस ऑफ स्पीशीज आकलन जारी किया गया। इसमें बाघों की संख्या को 'क्रिटिकली डिपलेटेड' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। यह बाघों के समक्ष मौजूद गंभीर ऐतिहासिक और वर्तमान खतरों को दर्शाता है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- इन खतरों में पर्यावास क्षति, शिकार में कमी, अवैध शिकार और क्षेत्रीय स्तर पर विलुप्ति शामिल हैं।
- बाघों की संख्या घट रही है।
- जिन 24 क्षेत्रों का आकलन किया गया है, उनमें से 9 क्षेत्रों में बाघ अब विलुप्त हो चुके हैं। साथ ही, जहां बाघ अभी भी मौजूद हैं, वहां भी संकटग्रस्त (Threatened) स्थिति में हैं।
- अभी तक किए गए संरक्षण प्रयासों के प्रभाव और पुनर्प्राप्ति क्षमता की स्थिति क्रमशः उच्च एवं मध्यम है।

**IUCN ग्रीन स्टेटस ऑफ स्पीशीज**

- इसे 2012 में शुरू किया गया था। यह IUCN रेड लिस्ट में दर्ज संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची पर आधारित है।
- इसे 2020 में IUCN की रेड लिस्ट आकलन का एक वैकल्पिक हिस्सा बना लिया गया था।
- **श्रेणियाँ:** इसमें लार्जली डेप्लेटेड, मॉडरेटली डेप्लेटेड, स्लाइटली डेप्लेटेड, फुली रिकवर्ड आदि शामिल हैं।

**ग्रीन स्टेटस कैसे किसी प्रजाति की पुनर्प्राप्ति को निर्धारित करता है?**

- किसी प्रजाति के फुली रिकवर्ड होने पर ग्रीन स्कोर (0-100%) प्रदान किया जाता है, जो यह दर्शाता है कि कोई प्रजाति फुली रिकवर्ड या पूर्ण रूप से पुनर्प्राप्त होने के कितने निकट है।

**बाघ**

- बाघ विश्व का सबसे बड़ा वन्य विडाल वंशी है।
- दुनिया में वनों में मौजूद बाघों की लगभग 75% आबादी भारत में है।
- **प्राकृतिक पर्यावास वाले देश:** बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, इंडोनेशिया, आदि।
- **पर्यावास:** वन, सवाना, झाड़ीदार भूमि, घास के मैदान, आर्द्रभूमि (अंतर्देशीय), आदि।

**संरक्षण स्थिति:**

- **IUCN लाल सूची:** एंडेंजर्ड।
- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची I में सूचीबद्ध।
- **CITES:** परिशिष्ट I में सूचीबद्ध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## स्वदेशी तेजस

### चर्चा में क्यों?

- 17 अक्टूबर, 2025 को हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारतीय वायु सेना (IAF) को पहला हल्का लड़ाकू विमान (LCA) तेजस एमके1ए (Tejas Mk1A) प्रदान किया जाएगा।

### मुख्य बिन्दु:

- **तेजस Mk1A :** भारत के हल्के लड़ाकू विमान (LCA) तेजस का उन्नत संस्करण।
- **विकास :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)
- **उद्देश्य :** इस संस्करण का उद्देश्य बेसलाइन Mk1 पर परिचालन और लड़ाकू क्षमताओं, उत्तरजीविता और रखरखाव को बढ़ाना।
- **रफ्तार :** 2200 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज।

**तेजस MK1A की विशेषताएँ :**

1. **हाई-टेक रडार:** एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (AESA) रडार एकीकरण।
2. **इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट (EWS) :** रडार-चेतावनी और आत्म-सुरक्षा जैमिंग।
3. **डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर :** बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिये उन्नत उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (DFCC Mk1A)।
4. **मिसाइल अनुकूलता-** दृश्य सीमा से परे (BVR) मिसाइलें, हवा-से-हवा और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें और उन्नत कम दूरी की हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलें (ASRAAM)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5. कंबाइंड इन्टैरोगेटर एंड ट्रांसपोंडर (CIT), सॉफ्टवेयर डिफाइन रेडियो (SDR) और ऑपरेटिंग डेटा लिंक (ODL) का मौजूदा ऑनबोर्ड एवियोनिक्स के साथ एकीकरण की योजना बनाई गई है।
6. इसमें अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूईट, उत्तम एईएसए राडार, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, राडार वॉर्निंग रिसीवर लगा है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**LCA तेजस :**

- **शुरुआत :** वर्ष 1984
- **विकास कार्य और प्रबंधन :** एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA)

**विशेषताएँ:**

1. अपनी श्रेणी का सबसे हल्का, सबसे छोटा और बिना पूँछ वाला बहु-भूमिका वाला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान।
2. **अधिकतम पेलोड क्षमता :** 4000 किलोग्राम।
3. **अधिकतम गति :** मैक 1.8।
4. **रेंज :** 3,000 किमी।

**तेजस के विभिन्न प्रकार:**

- **LCA तेजस Mk-1A:** यह LCA तेजस Mk1 की तुलना में अधिक उन्नत इंजन है।
- **LCA नौसेना:** भारतीय नौसेना के लिये दो और एकल सीट वाला वाहक।
- **LCA तेजस नेवी MK2:** यह LCA नेवी संस्करण का दूसरा चरण है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## विश्वास योजना

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कर्मचारी भविष्य निधि के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 238वीं बैठक में विश्वास योजना का शुभारंभ किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- केंद्रीय न्यासी बोर्ड त्रिपक्षीय बोर्ड है। इसमें सरकार (केंद्र और राज्य, दोनों), नियोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO), केंद्रीय न्यासी बोर्ड को सहायता प्रदान करता है।
- यह बोर्ड निम्नलिखित तीन योजनाओं का संचालन करता है:
  - कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952
  - कर्मचारी पेंशन योजना 1995
  - कर्मचारी डिपॉज़िट लिंक्ड बीमा योजना 1976 .


**विश्वास योजना**

- **उद्देश्य:** कम दंड का भुगतान के माध्यम से मुकदमेबाजी को कम करना।
- मुकदमों का एक प्रमुख कारण यह रहा है कि भविष्य निधि (PF) में देरी से जमा की गई राशि पर अत्यधिक दंड लगाए जाते थे।
- भविष्य निधि (PF) एक प्रकार की सेवानिवृत्ति बचत योजना है। इसमें कर्मचारी और नियोक्ता, दोनों हर महीने कर्मचारी के वेतन का एक निश्चित प्रतिशत अंशदान करते हैं।
- **अवधि:** यह योजना 6 महीने तक चालू रहेगी और इसे अन्य छह महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## आर्थिक परिदृश्य

### RBI द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहलें




**मुख्य बिन्दु:**

- **हाल ही में RBI ने कुछ महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं।**

**प्रमुख पहलें:**

- **यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI): इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) के रूप में देखा जा रहा है।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र करेगा और इसे ऋणदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे ऋण लेने वालों की ऋण चुकाने की क्षमता का बेहतर मूल्यांकन कर सकें।
- इसका उद्देश्य ऋण वितरण को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाना है।
- **CBDC रिटेल सैंडबॉक्स:** यह फिनटेक कंपनियों के लिए एक परीक्षण प्लेटफार्म है, जहाँ वे नई तकनीकी समाधान विकसित और परीक्षण कर सकती हैं।
- CBDC केंद्रीय बैंक द्वारा जारी फिएट मुद्रा का डिजिटल रूप है।
- **सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (CDs) का टोकनाइजेशन:** यह प्रक्रिया तेज निपटान, बेहतर तरलता और पारदर्शिता को बढ़ावा देगी।
- टोकनाइजेशन वह प्रक्रिया है जिसमें किसी वास्तविक परिसंपत्ति (जैसे-स्टॉक) का डिजिटल रूप टोकन बनाकर उसे ब्लॉकचेन या डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर में भंडारित किया जाता है।
- सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (CDs) नेगोशिएबल मनी मार्केट उत्पाद है, जो बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान में जमा फंड्स के बदले डिमैट रूप में या प्रॉमिसरी नोट के रूप में जारी किया जाता है।
- इसकी मैच्योरिटी अवधि अधिकतम 1 वर्ष तक होती है (न्यूनतम – 7 दिन)।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## इंडियाज़ ब्लू इकोनॉमी: स्ट्रेटेजी फॉर हार्नेसिंग डीप सी एंड ऑफशोर फिशरीज रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग ने इंडियाज़ ब्लू इकोनॉमी: स्ट्रेटेजी फॉर हार्नेसिंग डीप सी एंड ऑफशोर फिशरीज रिपोर्ट जारी की। भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर की नीली अर्थव्यवस्था को साकार करना है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **वर्तमान स्थिति:** मात्स्यिकी संसाधनों की कुल संभावित क्षमता 7.16 मिलियन टन अनुमानित है।
- **अवसंरचना और तकनीकी अभाव:** केवल 90 फिसिंग हार्बर ही गहरे समुद्र में जाकर मछली पकड़ने वाले बड़े जहाजों को संभालने की क्षमता से युक्त हैं।
- गहरे समुद्र के संसाधनों का कुशलतापूर्वक दोहन भी एक तकनीकी चुनौती बनी हुई है।
- **विनियामक खामियाँ:** वर्तमान में भारत में अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर मछली पकड़ने और संबंधित गतिविधियों के लिए विनियामक कानूनों का अभाव है। इससे अवैध, असूचित और अविनियमित रूप से मछली पकड़ने की समस्याएं बढ़ रही हैं।

### अन्य पहलें

- **प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY):** यह पाँच वर्षीय योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक) है।
- PMMSY के तहत सरकार पारंपरिक मछुआरों को गहरे समुद्र में जाकर और अपतटीय क्षेत्रों में मछली पकड़ने वाले जहाज खरीदने या जहाजों में आवश्यकता अनुसार बदलाव करने हेतु 60% तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- इसमें मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (FIDF), राष्ट्रीय मात्स्यिकी नीति 2020, आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के तहत भारत के पंजीकरण महानिदेशक द्वारा संकलित की जाती है।

## मुख्य बिन्दु:

- **जन्म के समय लिंगानुपात (SRB):** वर्तमान में प्रति 1000 लड़कों पर 928 लड़कियाँ हैं।
- **उच्चतम:** अरुणाचल प्रदेश (1,085)
- **सबसे कम:** झारखंड (899)।
- **संस्थागत मृत्यु और जन्म:** यह क्रमश: 74.7% और 24% है।
- **जन्म से संबंधित आँकड़े:** पंजीकृत जन्मों की संख्या 2022 की तुलना में 0.9% कम हो गई है।
- **जन्म के पंजीकरण का स्तर:** 98.4% तक।
- शहरी क्षेत्रों में जन्म का पंजीकरण ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक हुआ है।
- **मृत्यु से संबंधित आँकड़े:** पंजीकृत मौतों की संख्या 2022 की तुलना में 0.1% बढ़ी है।
- **मृत्यु के पंजीकरण का स्तर:** 97.2% तक।
- ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु का पंजीकरण शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक हुआ है।
- 2022 की तुलना में शिशु मृत्यु दर में वृद्धि हुई है।
- 21 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 100% जन्म पंजीकरण और 19 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 100% मृत्यु पंजीकरण हुआ है।
- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पुरुषों का जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, महिलाओं की तुलना में अधिक रहा है।

### नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS)

- यह एक ऐसी एकीकृत प्रक्रिया है, जिसके तहत जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे जन्म, मृत्यु और मृत जन्म को दर्ज किया जाता है, लेकिन विवाह व तलाक को इसमें शामिल नहीं किया जाता है।
- जन्म और मृत्यु पंजीकरण (RBD) अधिनियम, 1969 के तहत जन्म एवं मृत्यु की सूचना रजिस्ट्रार को देना अनिवार्य है।
- 2023 में किए गए संशोधन ने डिजिटल पंजीकरण और राष्ट्रीय व राज्य डेटाबेस आदि के निर्माण को संभव किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का निधन

**मुख्य बिन्दु:**



- **उन्होंने 1980 के दशक में महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (MGP) से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और गोवा की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा बन गए।**
- **नाइक दो बार गोवा के मुख्यमंत्री (लगभग 850 दिनों तक) रहे-पहली बार वर्ष 1991 में कुछ समय के लिए और दूसरी बार वर्ष 1994 में।**
- **नाइक, वर्ष 1998 से वर्ष1999 तक लोकसभा सांसद भी रहे।**
- **रवि नाइक वर्ष 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों से कुछ समय पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की सरकार में उन्हें कृषि मंत्री बनाया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :






UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## वैश्विक स्थिरता पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिज़र्व की निदेशक डॉ. सोनाली घोष को संरक्षित क्षेत्रों के सतत् प्रबंधन में नवाचार के लिए प्रतिष्ठित केंटन आर. मिलर अवॉर्ड (Kenton R. Miller Award) से सम्मानित किया गया है।


### मुख्य बिन्दु:

- **समारोह स्थल :** 10 अक्टूबर 2025 को अबू धाबी में आयोजित।
- **प्रदान कर्त्ता :** अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की इकाई वर्ल्ड कमीशन ऑन प्रोटेक्टेड एरियाज़ (WCPA) द्वारा दो वर्षों में एक बार दिया जाता है।
- **प्राप्तकर्त्ता :** डॉ. सोनाली घोष (भारत) और रोक सिमोन सेविला लारेआ (इक्वाडोर)
- डॉ. घोष यह सम्मान प्राप्त करने वाली पहली भारतीय हैं।
- **डॉ. घोष का योगदान :** IUCN के अनुसार, डॉ. घोष को उनके समुदाय-आधारित संरक्षण मॉडल के लिए सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार प्रसिद्ध पर्यावरणविद IUCN के पूर्व महानिदेशक केंटन आर. मिलर के नाम पर है।
- **पुरस्कार की स्थापना :** वर्ष 2006
- **उद्देश्य :** उन व्यक्तियों या टीमों को सम्मानित करना है जिन्होंने संरक्षित क्षेत्रों की योजना, प्रबंधन, वित्त, शासन, निगरानी, क्षमता निर्माण और संवाद के क्षेत्र में नवाचार किया हो।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिज़र्व :






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 🏅 खेल 🏆

## ईरानी कप, 2025



**मुख्य बिन्दु:**

- नागपुर के VCA स्टेडियम में विदर्भ टीम ने ईरानी कप के फाइनल मुकाबले में रेस्ट ऑफ इंडिया को 93 रनों से हराया और तीसरी बार (2018, 2019 और 2025)इस ट्रॉफी जीती।

| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 2022-23 | रेस्ट ऑफ इंडिया | मध्य प्रदेश |
| 2023-24 | रेस्ट ऑफ इंडिया | सौराष्ट्र |
| 2024-25 | मुंबई | रेस्ट ऑफ इंडिया |
| 2025-26 | विदर्भ | रेस्ट ऑफ इंडिया |

- **मैन ऑफ द मैच :** अथर्व तायड़े

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**ईरानी ट्रॉफी**

- इसकी शुरुआत BCCI के कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष ज़ाल आर ईरानी के सम्मान में की गई।
- इसमें वर्तमान रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम शेष भारत टीम के साथ पांच दिवसीय मैच खेलती है।
- ईरानी ट्रॉफी का पहली बार आयोजन वर्ष 1959-60 में किया गया था।
- शेष भारत टीम सर्वाधिक 26 बार ईरानी कप की विजेता बनी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जापान स्क्वॉश ओपन विजेता : जोशना चिनप्पा

## चर्चा में क्यों?

- दो बार एशियाई चैंपियन भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने योकाहामा में आयोजित जापान ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीत लिया।



## मुख्य बिन्दु:

- टूर्नामेंट के फाइनल में मिस्त्र की हाया अली को हराकर अपना 11वाँ PSA टूर खिताब जीता।


### जोशना चिनप्पा की खेल उपलब्धियाँ :

- सबसे कम उम्र की भारतीय महिला राष्ट्रीय चैंपियन थीं।
- वर्ष 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में, जोशना ने महिला युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता ।
- वर्ष 2014 में , उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत को राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वैश में पहला पदक मिला ।
- उन्होंने फरवरी, 2014 में विन्निपेग विंटर ओपन ट्रॉफी जीतकर अपना पहला WSA खिताब जीता ।
- जोशना ने वर्ष 2004 में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता ।
- वर्ष 2003 में, वह अंडर -19 वर्ग में ब्रिटिश स्क्वैश चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी बनीं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **भारत का पहला AI हब** |




- भारती एयरटेल (Bharti Airtel Share Price) ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) हब स्थापित करने के लिए गूगल के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है।
- विशाखापत्तनम में गूगल का एआई हब पांच वर्षों (2026-2030) में लगभग 15 अरब डॉलर (USD) का निवेश करेगा है, जिसमें गीगावाट-स्तरीय डेटा सेंटर संचालन, एक मज़बूत सब-सी नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा द्वारा समर्थित, भारत में सबसे अधिक मांग वाले एआई वर्कलोड को संचालित करना शामिल है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## लिनथोई चानम्बम : जूडो




- **जूडो खिलाड़ी लिनथोई चनम्बम ने पेरू के लीमा में चल रही जूडो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक जीता।**
- **19 वर्षीय चनम्बम ने नीदरलैंड की जोनी गीलीन को हराकर महिलाओं के 63 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।**

**3.**

## शास्त्रीय भाषाओं हेतु उत्कृष्टता केंद्र




- **अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने मुंबई विश्वविद्यालय में पाली, प्राकृत और अवेस्ता पहलवी और गुजरात विश्वविद्यालय में प्राकृत भाषाओं के अध्ययन के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं।**
- **उद्देश्य : उन्नत अनुसंधान, अनुवाद, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षाशास्त्र के साथ एकीकृत करना।**
- **अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PM-JVK) के अंतर्गत विरासत और शास्त्रीय भाषाओं के संवर्धन और संरक्षण हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए देश भर के विश्वविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा है।**
- **इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (DAVV) में PM-JVK के तहत 27.16 करोड़ रुपए की लागत से जैन अध्ययन केंद्र की शुरुआत की।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **शास्त्रीय भाषाएँ :** वर्ष 2004 में, भारत सरकार ने "शास्त्रीय भाषा" के रूप में नामित करना शुरू किया।

**11 शास्त्रीय भाषाएं :**

| शास्त्रीय भाषा | वर्ष |
|---|---|
| तामिल | 2004 |
| संस्कृत | 2005 |
| तेलुगू | 2008 |
| कन्नड़ | 2008 |
| मलयालम | 2013 |
| ओडिया | 2014 |
| मराठी | 2024 |
| पाली | 2024 |
| प्राकृत | 2024 |
| असमिया | 2024 |
| बंगाली | 2024 |

4.

## स्पेसएक्स का 11वाँ स्टारशिप रॉकेट



- एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने टेक्सास से अपना 11वाँ स्टारशिप रॉकेट प्रक्षेपित किया, जो हिंद महासागर में सफलतापूर्वक उतरा।
- स्पेसएक्स एक नए, उन्नत स्टारशिप संस्करण का परीक्षण शुरू करेगा, जिसे चंद्रमा और मंगल ग्रह पर लोगों को ले जाने के मिशन के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- नासा और स्पेसएक्स का उद्देश्य नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम के अंतर्गत 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत वर्ष 2027 में मानव को चंद्रमा पर उतारना है। 1972 के बाद से चंद्रमा पर मानव लैंडिंग का यह पहला प्रयास है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 5. प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ़ ऑनर पुरस्कार, 2025




- इज़राइल, अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प को गाजा में युद्धविराम कराने और इज़राइली बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान इज़राइली प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ़ ऑनर से सम्मानित करेगा।
- इज़राइली प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ़ ऑनर उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने इज़राइल या मानवता के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। यह पुरस्कार इससे पहले वर्ष 2013 में अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को प्रदान किया जा चुका है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR